इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *133

22 मार्च, 2012 को उत्तर के लिए

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा ब्राह्मिनी स्टील का अधिग्रहण किया जाना

*133. श्रीमती गुन्डु सुधारानी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आंध्र प्रदेश के कड्डप्पा जिले में अवस्थित 'ब्राह्मिनी स्टील' के अधिग्रहण के लिए स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने कोई पेशकश की है;

(ख) यदि हां, तो 'सेल' द्वारा अग्रेषित प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में 'सेल' किस प्रकार से आगे बढ़ने की योजना बना रहा है चूंकि 'ब्राह्मिनी स्टील' ने अपनी परियोजना को आरंभ करने में कोई रूचि नहीं दिखाई है तथा अपने प्रचालन कार्य को दिसम्बर, 2009 तक आरंभ करने की अंतिम तिथि का भी अनुपालन नहीं किया है;

(घ) क्या आंध्र प्रदेश राज्य सरकार के साथ इस बारे में कोई विचार-विमर्श किया गया है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री बेनी प्रसाद वर्मा)**

(क) से (ड.): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

....

'स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा ब्राह्मिनी स्टील का अधिग्रहण किया जाना' के बारे में श्रीमती गुन्डु सुधारानी, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 22.3.2012 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं. *133 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ड.): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश में ब्राह्मिनी स्टील लिमिटेड और संबद्ध खानों अथवा लौह अयस्क खानों समेत अन्य भूमि बैंक के अधिग्रहण के लिए सितम्बर, 2011 में आंध्र प्रदेश सरकार के समक्ष अपनी रूचि व्यक्त की है। आंध्र प्रदेश सरकार से प्रतिक्रिया प्राप्त होने के पश्चात सेल द्वारा आगे की कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।